नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक................................ दिनांक : 27-07-2019

# प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 27.07.2019 को पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम स्मृति दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में पौधरोपण एवं जल संरक्षण शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, पौधरोपण के अन्तर्गत बाटल ब्रश, जंगल फ्लेम, फायर ब्रश, रीड हेड, साइप्रस, कार्डबोर्ड पाम, फाक्सटेल पाम, अर्जुन के पौधे लगाये गये। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों (गुरु श्रीगोरक्षनाथ एवं हिन्दुआ सूर्य महाराणा प्रताप ईकाई) के स्वयं सेवकों/सेविकाओं ने पौधरोपण कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक सहभाग किया। पौधरोपण के उपरांत इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 प्रदीप कुमार राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पौधे जीवन के आधार हैं ये न केवल वायुमण्डल को स्वस्थ रखने में सहायक हैं बल्कि मानव में त्याग की भावना को भी प्रेरित करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 सौरभ कुमार सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि पौधे प्रकृति के वाहक हैं। जिससे जल, वायु, मृदा तथा संक्रमण को रोकने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती किरन सिंह ने किया।

महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह, भूगोल प्रभारी डॉ0 विजय कुमार चौधरी, श्रीमती कविता मन्ध्यान, मुख्य नियंता डॉ0 आरती सिंह , डॉ0 अभय श्रीवास्तव, डॉ0 महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0 अखिलेश गुप्ता, डॉ0 पी0के0 शाही, डॉ0 यशवन्त राव, श्रीमती पुष्पा निषाद, डॉ0 पल्लवी नायक, श्रीमती विभा सिंह, श्रीमती प्रियंका मिश्र, श्रीमती विभा सिंह, आदि शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम में सहभाग किया।

(श्री वागीश राज पाण्डेय)
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी